DON BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE
LIBRARY
ANGADIKADAVU

K20U 0362

Reg. No. : ....

Name : ....

II Semester B.Sc. (L.R.P.)/B.C.A./B.S.W. Degree (CBCSS – Supple./Improv.) Examination, April 2020
(2014-2018 Admissions)
COMMON COURSE IN HINDI
2A08 – 2HIN : Vyavaharik Hindi

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। (1×7=7)

1) विज्ञान के बढ़ते कदमों के बारे में एक लेख लिखिए।

2) भारत में लोकतंत्र के भविष्य पर एक निबंध तैयार कीजिए।

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2×6=12)

3) आपके शहर के एक कंपनी में मैनेजर का पद खाली है। आपको पर्याप्त शैक्षिक योग्यतायें है। उक्त पद के लिए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

4) अपनी साइकिल चोरी होने की सूचना देते हुए पुलीस थानाध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखिए।

5) अपने छोटे भाई को सदाचार के बारे में बताते हुए एक पत्र लिखिए।

III. किसी **एक** गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (1×5=5)

6) The government, however, can not do everything by itself. So it looks to the people for help. Infact, the most wonderful thing about our plans is the way in which the people have come forward to improve their lives by working together. But for, the best example of this is the community development programme. This is right step in the right direction. It will lead us to progress and prosperity. Or it depends the future of India to a large extend.

(Government – सरकार, Infact – वास्तव में, Plans – योजनायें, Improve – सुधारना)

P.T.O.

7) A King once conquered a city. The King send a message into the town saying 'Before my soldiers enter the city the women can go out, and each can carry with her, her most valuable property.' Next morning the women could be seen coming out of the town, each carrying their husband upon her back, her most valuable property. The King was very pleased to see this. He praised the women for their love, for their husbands and allowed them to stay in the city.

(Conquered – विजय प्राप्त किया, Message – संदेश, Property – संपत्ति)

IV. किसी **एक** गद्यांश का **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

8) विश्व की जनसंख्या बढ़ती जा रही है। जनसंख्या की वृद्धि के साथ-साथ इतनी सारी जनता को जीने की सुविधायें प्रदान करना बडी समस्या बनती जा रही है। इस दिशा में नए-नए आविष्कार किए जा रहे हैं, वैज्ञानिक क्षेत्र में क्रान्ति हो रही है। इन सबके फल स्वरूप विश्व-मानव को लील जाने को उद्यत एक विकराल समस्या उठ खडी हुई है – पर्यावरण – प्रदूषण की समस्या। स्वच्छ वायु, स्वच्छ जल, स्वच्छ भोजन-आज के मानव के लिए ये सब चीज़ें दुर्लभ हो गयी हैं।

(जन संख्या – population, आविष्कार – inventions, वैज्ञानिक – scientific)

9) भ्रष्टाचार का सबसे पहला कारण मनुष्य का स्वार्थ है। अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेनें के लिए मनुष्य कोई भी न्याय-विरुद्ध रास्ता स्वीकार कर लेता है। दूसरा कारण यह है कि आज 'सादा-जीवन और उच्च विचार' का आदर्श कहीं नहीं रह गया है। हर व्यक्ति अपनी हैसियत से ऊँचा आडंबर पसंद करता है, जिसके लिए भ्रष्टाचार के अलावा दूसरा मार्ग नहीं रह जाता। भ्रष्टाचार का तीसरा प्रमुख कारण आज की महंगाई है। जैसे महंगाई बढ़ती जाती है, तदनुसार व्यक्ति की आय नहीं बढ़ती है। इस असंतुलन के कारण व्यक्ति छोटे-छोटे भ्रष्टाचार करने पर विवश होता है और आगे चलकर उसका आदि हो जाता है।

(भ्रष्टाचार – corruption, स्वार्थ – selfishness, 'सादा-जीवन – उच्च विचार'– Simple life high thinking)

V. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। (2×2=4)

10) निम्नलिखित मुहावरों का सही अर्थ लिखिए ।

i) क) अंग-अंग खिल उठना

ख) आँखें बिछाना

ग) काठ का उल्लू

घ) खिचडी पकाना।

ii) क) खून बहाना

ख) गड़े मुर्दे उखाड़ना

ग) गुड़ गोबर करना

घ) रास्ते पर आना।

11) निम्नलिखित कहावतों का सही अर्थ लिखिए।

i) क) अंधों में काना राजा

ख) आम के आम गुठली के दाम

ग) गुरू गुड़ चेला चक्कर

घ) घर का भेदी लंका ढाहे।

ii) क) चोर की दाड़ी में तिनका

ख) जिसकी लाठी उसकी भैंस

ग) जान है तो जहान है

घ) शौकीन बुढ़िया चटाई का लहँगा।

VI. निर्देश के आधार पर सही उत्तर लिखिए । (7×1=7)

12) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर उसमें से संज्ञा सर्वनाम, विशेषण और क्रिया शब्दों को चूनकर लिखिए।

विनोद बैंक में काम करता है। वह एक परिश्रमी लडका है।

13) खाली जगहों को प्रत्ययों से भरिए।

मानव मस्तिष्क ___________ वैज्ञानिक उपलब्धियों में सबसे लोकप्रिय उपलब्धि है, दूरदर्शन। यह एक साथ दो इन्द्रयों ________ मनोरंजन करता है, आँख और कान । यही शायद इसकी इतनी अधिक लोकप्रियता ____________ कारण है।

14) सहायक क्रियाओं को बदले बिना निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

क) वीणा को नाच सकती है।

ख) सजीव ने अमेरिका जा चुका।

ग) अध्यापक बच्चों को खेलने दिया।

घ) वह नाटक देखना चाहा।

15) वाच्य बदलिए।

क) उन्होंने दो कहानियाँ पढ़ीं।

ख) माँ बच्चे को फल देती है।

ग) चाचाजी से अध्यापक के नाम पत्र भेजा गया।

घ) भालू से पेड पर चढ़ा नहीं जाएगा।

16) 'ने' प्रत्यय के प्रयोग के नियमों का प्रतिपादन कीजिए।

17) कर्मवाच्य क्या है ?

18) कारक क्या है ?